*आस्ति गुणवत्ता मूल्यांकन में क्रेडिट रेटिंग्स की प्रभावकारीता**

प्रोवेस के साथ मैप किए गए सेंट्रल रिपॉजिटोरी ऑफ इनफॉर्मेशन ऑन लार्ज क्रेडिटस (सीआरआईएलसी) से क्रेडिट रेटिंग्स पर डेटा का उपयोग करते हुए, यह लेख बड़े उधारकर्ताओं की आस्ति गुणवत्ता की सही और समय पर मूल्यांकन की सुविधा में रेटिंग की प्रभावकारिता की जांच करता है। सीआरआईएलसी से नमूना अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के एक्सपोजर का लगभग एक-चौथाई हिस्सा एनपीए की श्रेणी में आने से ठिक एक तिमाही पहले, निवेश ग्रेड में पाया गया था। अनर्जक बनने से ठिक पहले निवेश ग्रेड रेटिंग के साथ एनपीए एक्सपोज़र का प्रतिशत क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (सीआरए) में अलग-अलग है तथा अध्ययन में शामिल छह में से तीन क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों (सीआरए) में इस तरह के एक्सपोजर का अपेक्षाकृत उच्च केंद्रीकरण दर्शाता है।

भूमिका

आधुनिक समय के वित्तीय क्षेत्र विनियामक ढांचे के कार्यान्वयन में क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां महत्वपूर्ण हितधारक हैं। विभिन्न आस्तियों की जोखिम का आकलन करने और बैंकों के लिए संबंधित पूंजी अपेक्षाओं का अनुमान लगाने के लिए बासेल II विनियामक ढांचे के अंतर्गत एजेंसी / बाहरी रेटिंग को निर्धारित किया गया था। इसके जोखिम-संवेदनशील दृष्टिकोण को देखते हुए, बासेल II ढांचे को 1988 के बासेल समझौते (अक्सर बासेल I ढांचे के रूप में जाना जाता है) का संशोधित रूप माना गया, जिसमें विभिन्न प्रकार की आस्तियों में अंतर्निहित डिफ़ॉल्ट जोखिमों के अलावा पूंजी गणना के लिए एक सरलीकृत प्रणाली का पालन किया (रॉय, 2005)। हालाँकि, सीआरए की भूमिका, विशेष रूप से अंतर्निहित जोखिमों के कारकों की अक्षमता की 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान आलोचना की गयी, एजेंसी रेटिंग्स बासेल III ढांचे का एक अभिन्न अंग बना रहा जो संकट की विनियामक प्रतिक्रिया के रूप में विकसित हुआ। (सिंक्लेयर, 2010) .[1]

बासेल II और बासेल III ढांचे दोनों के अंतर्गत क्रेडिट जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण में एजेंसी रेटिंग का उपयोग शामिल है। इन रूपरेखाओं के अंतर्गत, मानकीकृत दृष्टिकोण को आधार-स्तरीय दृष्टिकोण के रूप में वर्णित किया गया है; बैंकों से अपेक्षा की जाती है कि वे विभिन्न आस्तियों को सौंपी गई अपनी आंतरिक रेटिंग के आधार पर पूंजी आवश्यकताओं की मॉडलिंग करते हुए आंतरिक रेटिंग-आधारित (आईआरबी) दृष्टिकोण पर जाएं। आंतरिक रूप से तैयार किए गए दृष्टिकोणों की बढ़ती आलोचना के कारण, हाल ही में, बैंकिंग पर्यवेक्षण (बीसीबीएस) की बासल समिति ने बासल III ढांचे पर फिर से विचार किया है और आईआरबी दृष्टिकोण के उपयोग पर कुछ प्रतिबंधों का प्रस्ताव किया है और वास्तव में इसकी ग्रैन्युलैरिटी और जोखिम संवेदनशीलता (बीसीबीएस, 2017) के संदर्भ में[2] मानकीकृत दृष्टिकोण को मजबूत किया है। प्रस्तावित सुधारों के बाद, नियामक ढांचे में एजेंसी रेटिंग की भूमिका पुन: पुष्टि होती है ।[3]

वर्तमान में, भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) सहित दुनिया भर के अधिकांश बैंक मानकीकृत दृष्टिकोण (पूर्वोक्त) का उपयोग करते हैं। जबकि आईआरबी दृष्टिकोण पर कई अध्ययन हैं, मानकीकृत दृष्टिकोण (रॉय, 2005) पर सीमित चर्चा है। सीआरए पर उपलब्ध अध्ययनों में से कुछ मुख्य रूप से उनकी कार्यपद्धति (एडरिंगटन, 1986) के कारण उनकी रेटिंग में अंतर का विश्लेषण करते हैं। जारीकर्ताओं द्वारा रेटिंग खरीदारी और आत्म-चयन की संभावना की साहित्य (बीट्टी एंड सेरले, 1992 और कैंटर एंड पैकर, 1997) में भी सिफारिश की है।

भारतीय संदर्भ में, जबकि सीआरए के संचालन पर व्यापक वास्तविक साक्ष्य हैं, इस मुद्दे पर व्यवस्थित अध्ययन कम हैं। सीआरए के बारे में उल्लेखनीय अध्ययनों में से एक, यह दर्शाता है कि भारत में मान्यता प्राप्त सीआरए के लिए संचयी निर्धारित दरें (सीडीआर) बासेल ढांचे के अंतर्गत निर्धारित की तुलना में

---

* यह लेख सुखबीर सिंह और पल्लवी चव्हाण, पर्यवेक्षण विभाग द्वारा तैयार किया गया है। लेख में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के हैं और रिज़र्व बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

1 हालांकि, बासेल III ढांचे को पूंजी आवश्यकताओं के प्रचक्रीय स्वरूप को संबोधित करने के लिए बनाया गया है, जिसमें क्रेडिट रेटिंग्स के लिए जोखिम भार को जोड़ने से उत्पन्न होने वाली चक्रीयता भी शामिल है।

2 इन सुधारों के हिस्से के रूप में एक उल्लेखनीय प्रस्ताव गैर निर्धारित जोखिम (ibid) के लिए जोखिम भार संशोधित करना था।

3 *https://www.reuters.com/article/basel-banks-regulations/basel-regulators-make-u-turn-on-banks-use-of-credit-rating-agencies-idUSL8N1290WX20151009.* पर ह्यू जोन्स (2015) द्वारा " बैंकों की क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों के उपयोग पर बासेल नियामकों का यू-टर्न" देखें।

बहुत अधिक हैं। परिणामस्वरूप, बीसीबीएस (चौधरी और अन्य, 2017) द्वारा निर्धारित जोखिम भार बैंकों में कम लागू करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है (चौधरी और अन्य, 2017)। उधारकर्ताओं की कमजोर साख पर समय पर मार्गदर्शन प्रदान करने में सीआरए की असमर्थता पर भी कुछ प्रमाण हैं।(चौधरी और अन्य, 2017 में एनआईएसएम 2009)।

वर्तमान लेख भारत में विशेष रूप से बैंकिंग पर्यवेक्षक के दृष्टिकोण से बड़े उधारकर्ताओं की आस्ति गुणवत्ता का आकलन करने के लिए भारत में एजेंसी रेटिंग की प्रभावकारिता का विश्लेषण से योगदान देता है। बैंकिंग प्रणाली के स्वास्थ्य संरक्षण के दीर्घकालिक लक्ष्य से प्रेरित पर्यवेक्षक, उधारकर्ताओं / जारीकर्ताओं की साख की एक सटीक और समय पर मूल्यांकन में रुचि रखता है, जो बैंकों में पूंजी पर्याप्तता का एक उचित सही मूल्यांकन करता है।

इसके विपरीत, सीआरए व्यवसाय विस्तार से संबंधित अल्पकालिक लक्ष्यों में दिलचस्पी के कारण, उनके पोर्टफोलियो के लिए कम सीडीआर रखते हैं। बैंक भी बढ़ी हुई आस्ति वृद्धि के लिए पूंजी संरक्षण के अल्पकालिक लक्ष्य से प्रेरित हो सकता है।[4] प्रमुख अर्थात पर्यवेक्षक और दो एजेंटों, यानी सीआरए और बैंकों के बीच एक स्पष्ट टकराव होता है, और यह संघर्ष सीआरए द्वारा दी गई रेटिंग और बैंकों द्वारा उनकी पूंजी गणना में उपयोग की जाने वाली रेटिंग में परिलक्षित होता है। लेख निम्नलिखित प्रश्नों को संबोधित करता है जो इस संघर्ष का कारण हैं:

1. क्या बाहरी क्रेडिट रेटिंग्स बड़े उधारकर्ताओं की आस्ति गुणवत्ता को प्रतिबिंबित करते हैं?
   - ए. समय-सीमा में उधारकर्ता के एनपीए की स्थिति को किस हद तक दर्शाया जा सकता है और क्या इस मूल्यांकन में सीआरए में कोई मतभेद हैं?
   - बी. एनपीए बनने के बाद उधारकर्ता के लिए कितनी जल्दी डाउनग्रेड आती है?
2. उधारकर्ता के लिए रेटिंग एजेंसियों द्वारा दी गई रेटिंग और बैंकों द्वारा सूचित रेटिंग के बीच कितना मतभेद है?

[4] साहित्य में रेटिंग बढ़ाने के लिए बैंकों की प्रवृत्ति के बारे में चर्चा की गई है ताकि कम पूंजी (बालिन, 2010 को गोपालन और अन्य, 2016 में उद्धृत) आवंटित की जा सके।

II. डेटा स्रोत और कार्यपद्धति

इस लेख का प्रमुख डेटा स्रोत "बड़े उधारकर्ताओं" (50 मिलियन और उससे अधिक के वित्त पोषित और गैर-वित्त पोषित एक्सपोजर) पर डेटा के संग्रह के लिए 2014 में रिजर्व बैंक द्वारा स्थापित सीआरआईएलसी है। सीआरआईएलसी में बाहरी क्रेडिट रेटिंग उधारकर्ता-विशिष्ट रेटिंग हैं। बीसीबीएस के मार्गदर्शन के बाद, एक ही उधारकर्ता पर दो अंतर रेटिंग के मामले में, बैंक दोनों की पारंपारिक रेटिंग सूचित करने की अपेक्षा है। सीआरआईएलसी उधारकर्ताओं के लिए विशिष्ट पहचानकर्ता के रूप में स्थायी खाता संख्या (पीएएन) का उपयोग करता है। अप्रैल 2018 से, सीआरआईएलसी में कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) भी सूचित की जा रही है।

यह लेख मार्च 2018 (सारणी 1) के अंत तक एनपीए के नमूने पर आधारित है। अनर्जक उधारकर्ता के नमूने में से, जिन विशिष्ट रेटेड उधारकर्ता हैं, जिनका सीआईएन प्राप्त और मान्य है को अध्ययन के लिए चुना गया है, और प्रोवेस - कॉर्पोरेट क्रेडिट रेटिंग्स पर डेटा का एक वैकल्पिक बाहरी स्रोत (सारणी 2)[5] में सूचित उधारकर्ता के साथ मिलाया गया है। इस प्रकार, लेख के

सारणी 1: एनपीए जनसंख्या का आकार (मार्च 2018 के अंत तक)

मद	कुल	रेटेड	अनरेटेड
विशिष्ट उधारकर्ता	7,147	2,625 (37 %)	5,172 (72 %)
बैंक-उधारकर्ता मामले	10,931	4,504 (41 %)	6,427 (59 %)
राशि (रु. ट्रिलियन)	8.85	5.27 (60 %)	3.58 (40 %)

टिप्पणी: 1. कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल में शेयर का दर्शाते हैं।
2. जैसा कि सीआरआईएलसी में सूचित किया गया उधारकर्ता एक से अधिक बैंक के संपर्क में हो सकता है, यहां विशिष्ट उधारकर्ताओं (प्रत्येक उधारकर्ता को केवल एक बार गिना जाता है) और बैंक-उधारकर्ता के बीच फर्क किया गया है (उधारकर्ता के बैंकिंग संबंधों के आधार पर गिना जाता है)
3. विशिष्ट उधारकर्ताओं के लिए अनुपात का योग 100 तक नहीं जोड़ा जा सकता क्योंकि एक ही उधारकर्ता को एक बैंक द्वारा रेट किया जा सकता है और दूसरे बैंक द्वारा रेट नहीं किया जा सकता है।

स्रोत: सीआरआईएलसी

[5] जबकि बैंक सीआरआईएलसी के बाहरी रेटिंग के आधार पर जानकारी देते हैं, उधारकर्ताओं का एक वर्ग सीआरआईएलसी में अनरेटेड हैं। इस लेख में अनरेटेड उधारकर्ताओं पर चर्चा शामिल नहीं है। इसके अलावा, हालांकि सीआईएन की रिपोर्टिंग अनिवार्य है, सीआईएन के संग्रह पर काम चल रहा है। लेख केवल उन मामलों का उपयोग करता है जहां सीआईएन प्राप्त हुआ है और मान्य है।

सारणी 2: सीआरआईएलसी में सूचित कुल रेटेड एनपीए का नमूना

मद	कुल रेटेड एनपीए	प्रोवेस में सूचित सीआरए से रेटिंग प्राप्त विशिष्ट सीआईएन के एनपीए
विशिष्ट उधारकर्ता	2,625	560 (21%)
बैंक-उधारकर्ता मामले	4,504	1,274 (28%)
राशि (रु. ट्रिलियन)	5.27	2.13 (40%)

टिप्पणी: 1. कोष्ठक में दी गयी संख्या कुल का प्रतिशत दर्शाती है।
2. रिपोर्ट किए गए सीआरए से तात्पर्य उन मामलों से है जिनके लिए रेटिंग सूचना सीआरआईएलसी में सूचित की गई उसी सीआरए के प्रोवेस में उपलब्ध है।

लिए नमूना, 560 एनपीए उधारकर्ता जो लगभग 21 प्रतिशत है और मार्च 2018 के अंत तक एनपीए की कुल राशि का 40 प्रतिशत अत्यधिक है। यह देखते हुए कि लेख का पता चलता है। इन एनपीए उधारकर्ताओं का इतिहास, केवल तिमाही-विशिष्ट नहीं है, बल्कि पूरे तिमाहियों में बड़े उधारकर्ताओं के व्यवहार को प्रतिबिंबित करता है।

उधारकर्ता की एनपीए स्थिति को अध्ययन के शुरुआती बिंदु के रूप में जानबूझकर लिया जाता है, क्योंकि (ए) यह विशेष उल्लेख खाता (एसएमए) श्रेणियों के विपरीत डिफ़ॉल्ट तिथि के बाद से उधारकर्ता को 90-दिवसीय अवधि के साथ सबसे खराब संभव आस्ति वर्गीकरण प्रदान करता है; [6] और (बी) आम तौर पर, बड़े उधारकर्ताओं में एनपीए श्रेणी से बहुत कम या ऊपर की तरफ अवस्थांतर नहीं होता है। [7]

चार्ट 1 में लेख की कार्यपद्धति का वर्णन दिया गया है (विस्तृत चर्चा के साथ अनुलग्नक 1 में)।

III. प्रमुख निष्कर्ष

III.1 आस्ति गुणवत्ता दर्शाने के लिए रेटिंग की क्षमता

यह लेख बड़े उधारकर्ताओं की आस्ति गुणवत्ता की पहचान के लिए रेटिंग क्षमता में कमियों को सामने लाता है। सीआरआईएलसी से किए गए लगभग 24 प्रतिशत नमूना एनपीए एक्सपोजर अनर्जक (सारणी 3) बनने से ठिक एक तिमाही पहले निवेश ग्रेड रेटिंग में थे। चूंकि शेयर केवल सीआरआईएलसी से लिया गया था, इसलिए यह तर्क दिया जा सकता है कि कमियां या

चार्ट 1: कार्य पद्धति का चित्रमय वर्णन



[6] एसएमए अर्थात, एसएमए0, एसएमए1 और एसएमए2 के अंतर्गत तीन उप-श्रेणियां हैं, जिसमें मूल या ब्याज भुगतान या कोई अन्य राशि पूर्ण और आंशिक रूप से क्रमश: 1 और 30 दिनों, 31 और 60 दिनों, और 61 और 90 दिनों के लिए बकाया है, जिसके बाद आस्ति को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

[7] जून 2014 के सीआरआईएलसी डेटा के आधार पर तिमाही तथा वार्षिक औसत एनपीए – एनपीए अवस्थांतर 94 प्रतिशत अनुमानित किया गया।

तो उन तरीकों के कारण हो सकती हैं, जिन्हें सीरए द्वारा रेटिंग दी जाती है या जिस तरह से बैंकों या दोनों द्वारा रेटिंग बताई जाती है। सीआरआईएलसी को प्रोवेस के साथ मैप करके, यह देखा गया कि लगभग 14 प्रतिशत नमूना एनपीए एक्सपोज़र ने प्रोवेस में उप-निवेश ग्रेड दिखाई, लेकिन सीआरआईएलसी में निवेश ग्रेड दिखाई, जिससे सीआरआईएलसी में बैंकों द्वारा देर से रिपोर्टिंग के बारे में संकेत मिलता है (III.3 में विस्तृत चर्चा की गयी है)। विशेष रूप से, सीआरआईएलसी के लगभग 12 प्रतिशत एनपीए एक्सपोज़र, प्रोवेस के अनुसार भी, एनपीए बनने से ठीक एक तिमाही पहले, निवेश ग्रेड में थे सीआरए (सारणी3) [8] द्वारा दी गई रेटिंग की सीमित प्रभावकारिता दर्शाता है।

III.2 विभिन्न सीआरए के कार्य निष्पादन की तुलना

विभिन्न सीआरए के रेटिंग निष्पादन में मतभेद था। मान्यता प्राप्त सीआरए की तुलना के आधार पर, जैसा कि प्रोवेस में बताया गया है, यह देखा गया है कि आस्ति गुणवत्ता को प्रतिबिंबित करने वाली रेटिंग के बारे में चिंताएं कुछ सीआरए (सारणी 4) [9] के लिए अधिक तीव्र थीं। तीन सीआरए के लिए, निवेश ग्रेड में नमूना एनपीए एक्सपोजर का हिस्सा अनर्जक बनने से ठिक एक तिमाही पहले 20 प्रतिशत से अधिक था। इनमें से दो सीआरए के लिए, एनपीए एक्सपोजर का एक बड़ा हिस्सा क्रॉस-ओवर श्रेणियों

सारणी 3: मार्च 2018 के अंत तक एनपीए राशि का वितरण

(प्रतिशत)

		आरपीआरओ, सूचित		कुल
		निवेश ग्रेड	उप-निवेश ग्रेड	
सीआरआईएलसी	निवेश ग्रेड	10.6	13.9	24.4
	उप-निवेश ग्रेड	1.5	74.1	75.6
कुल		**12.0**	**88.0**	**100.0**

स्रोत: सीआरआईएलसी और प्रोवेस से आकलित

सारणी 4: सूचित सीआरए और आरपीआरओ के अनुसार मार्च 2018 के अंत तक एनपीए राशि का वितरण

(प्रतिशत)

सीआरए	सीआरए आरपीआरओ, सूचित		कुल
	निवेश ग्रेड	उप-निवेश ग्रेड	
सीआरए 1	26	74	100
सीआरए 2	9	91	100
सीआरए 3	14	86	100
सीआरए 4	22	78	100
सीआरए 5	5	95	100
सीआरए 6	47	53	100
सभी सीआरए	**12**	**88**	**100**

स्रोत: प्रोवेस से आकलित

(बीबीबी / बीबी) (अनुबंध 2) में केंद्रित था। इसके विपरीत, शेष सीआरए के लिए, प्रमुख एक्सपोजर न्यूनतम संभव ग्रेड (सी / डी श्रेणियों) में केंद्रीत था। इस प्रकार, सीआरए के मतभेद, तब और भी स्पष्ट दिखाई दिए जब एक्सपोज़र को विभिन्न निवेशों और उप-निवेश ग्रेड रेटिंग श्रेणियों में विभाजित किया गया।

III.3 सीआरए द्वारा दी गई रेटिंग और बैंकों द्वारा सूचित रेटिंग के बीच मतभेद

जैसा कि पहले चर्चा की गई थी, प्रोवेस में सीआरए द्वारा दी गयी रेटिंग और बैंकों द्वारा रिपोर्ट सीआरएएलसी में की सूचित की गई रेटिंग में अंतर था। इस मतभेद के संभावित कारणों में से एक यह हो सकता है कि बैंक द्वारा उधारकर्ताओं की केवल उन्हीं सुविधाओं के लिए रेटिंग की रिपोर्ट करता है जिसके लिए बैंक को जोखिम है। हालाँकि, मतभेद दिखाने वाले अधिकांश एक्सपोज़र प्रोवेस (अनुबंध 3) के अनुसार सी / डी श्रेणियों तक पहुंच गए थे। चूंकि उधारकर्ता की विभिन्न सुविधाओं के लिए एक ही सीआरए द्वारा दी गई रेटिंग्स आम तौर पर अनुबद्ध होने की अपेक्षा की जाती है, क्योंकि वे अनिवार्य रूप से उधारकर्ता की पुनर्भुगतान क्षमता पर आधारित होती हैं, रेटिंग में मतभेद बैंकों की ओर से रिपोर्टिंग मुद्दों के कारण हो सकता है। सबसे पहले, बैंकों द्वारा यादृच्छिक रिपोर्टिंग त्रुटियों की संभावना सीमित लगती थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि सीआरआईएलसी में निवेश ग्रेड के अंतर्गत वर्गीकृत किए गए 14 प्रतिशत एक्सपोज़र के मुकाबले जब वह प्रोवेस में सब-इन्वेस्टमेंट ग्रेड में था, तो सीआरआईएलसी में सब-इन्वेस्टमेंट ग्रेड के अंतर्गत केवल 2 प्रतिशत एक्सपोज़र ही था जब प्रोवेस में उसका इन्वेस्टमेंट ग्रेड था (सारणी 3)।

[8] उधारकर्ताओं की साख का आकलन करने में सीआरए के लिए आमतौर पर उद्धृत बाधाओं में से एक जानकारी तक उनकी सीमित पहुंच है; अनौपचारिक फर्मों के लिए सूचना बाधा को विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण कहा जाता है, जो आम तौर पर भारत में सीआरए की रेटिंग जगत का एक बड़ा हिस्सा हैं; गोपालन और अन्य (2017) देखें। इसके अलावा, CRILC के माध्यम से एकत्र की गई पर्यवेक्षी जानकारी के विपरीत, जो मुख्य रूप से पोस्ट-डिफॉल्ट (उधारकर्ताओं की एसएमए और एनपीए स्थिति) है, रेटिंग एजेंसियों द्वारा अपेक्षित जानकारी अनिवार्य रूप से आगे देखने वाली है, जिसका उद्देश्य भावी चूक के बारे में पूर्वानुमान प्रदान करना है।

[9] वर्तमान में रिज़र्व बैंक द्वारा 7 सीआरए प्रमाणित किए गए हैं। यह अध्ययन 6 सीआरए पर आधारित है; अंतिम सीआरए 2017 में प्रमाणित किया जाना था लेकिन बहुत ही कम टिप्पणियों के कारण शामिल नहीं किया गया।

दूसरी संभावना बैंकों द्वारा विलंबित रिपोर्टिंग की थी। जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है, लगभग 74 प्रतिशत एनपीए एक्सपोज़र (दोनों में उप-निवेश ग्रेड के तहत रिपोर्ट किया गया) के संबंध में प्रोवेस और सीआरआईएलसी रिपोर्टिंग के बीच अतिव्याप्ति थी, एक्सपोज़र के 14 प्रतिशत के संबंध में मतभेद था, जिसमें सीआरआईएलसी ने प्रोवेस से (सारणी 3) उच्च रेटिंग दिखाई। विलंबित रिपोर्टिंग के मामले का पता लगाने के लिए, प्रोवेस के अनुसार उप-निवेश ग्रेड के उधारकर्ताओं का (सारणी 3 में एनपीए एक्सपोजर के 88 प्रतिशत) एनपीए की तारीख से पहले एक तिमाही पीछे पता लगाया गया जब कम से कम उनकी सुविधाओं में से एक निवेश ग्रेड में थी।[10] रेटिंग श्रेणी में आरपीरओ, अधिकतम रूप में दर्शाया गया है। यह देखा गया कि एनपीए एक्सपोजर के 71 प्रतिशत उधारकर्ताओं के पास पिछले कुछ समय में कम से कम एक सुविधा निवेश ग्रेड में थी (सारणी 5)। एनपीए एक्सपोजर के शेष 17 प्रतिशत उधारकर्ताओं को निवेश ग्रेड में कभी भी कोई सुविधा नहीं थी। केवल उधारकर्ताओं की पूर्व श्रेणी के लिए विलंबित रिपोर्टिंग की संभावना थी। आगे खोज करने के लिए, इस तरह के उधारकर्ताओं की सभी सुविधाएं उप-निवेश श्रेणी में जाने की तिथि का पता लगाया गया और इस तिथि से एनपीए की तारीख तक का औसत समय निकाला गया था (इसे औसत अंतर. उप.निवेश , सकल-एनपीए के रूप में दर्शाया गया)। सीआरआईएलसी में तथा प्रोवेस दोनों में जो उधारकर्ता उप-निवेश ग्रेड में रिपोर्ट किए गए थे, उसी के (सारणी 5 में एनपीए जोखिम के 58 प्रतिशत), औसत अंतर. उप.निवेश , सकल-एनपीए का अनुमान 29 महीने (सारणी 6) था। तुलना के लिए,

सारणी 5: सर्वोत्तम उपलब्ध रेटिंग के संदर्भ में एनपीए राशि का वितरण (मार्च 2018 के अंत में)

(प्रतिशत)

		आरपीआरओ, अधिकतम		कुल
		निवेश ग्रेड	उप-निवेश ग्रेड	
आर सीआरआईएलसी	निवेश ग्रेड	12.8	1.0	13.9
	उप-निवेश ग्रेड	58.4	15.7	74.1
कुल		**71.3**	**16.7**	**88.0**

स्रोत: सीआरआईएलसी और प्रोवेस से आकलित

[10] सितंबर 2010 तक की रेटिंग देखी गयी।

सारणी 6: औसत अंतराल (महीने में)

		औसत अंतर उप निवेश. सकल-एनपीए
आर सीआरआईएलसी	निवेश ग्रेड	12
	उप-निवेश ग्रेड	29
कुल		**25**

स्रोत: सीआरआईएलसी और प्रोवेस से आकलित

बैंकों द्वारा सीआरआईएलसी निवेश ग्रेड के अंतर्गत सूचित उधारकर्ताओं को प्रोवेस में उप-निवेश ग्रेड में रिपोर्ट किए गए थे, (सारणी 5 में एनपीए एक्सपोजर के लगभग 13 प्रतिशत) यह अंतराल 12 महीने में बहुत कम था, जो यह दर्शाता है कि बैंकों द्वारा रिपोर्ट की गई रेटिंग हाल के रेटिंग परिवर्तनों को पर्याप्त रूप से प्रतिबिंबित नहीं करती है।

III.4 समय पर आस्ति गुणवत्ता को सही प्रतिबिंबित करने के लिए रेटिंग की क्षमता

यह अनुमान लगाने के लिए कि रेटिंग्स, बिगड़ती आस्ति गुणवत्ता के बारे में कितने जल्दि संकेत देते है, एनपीए बनने से पहले उधारकर्ताओं को डाउनग्रेड करने में औसत समय-सीमा का विश्लेषण किया गया था। जैसा कि सारणी 3 और 5 से देखा जा सकता है, एनपीए एक्सपोजर के लगभग 83 प्रतिशत उधारकर्ताओं के पास एनपीए बनने से पहले कुछ समय एक निवेश रेटिंग थी (सारणी 5 से 71.3 प्रतिशत और सारणी 3 से 12.0 प्रतिशत जोड़कर)। इनमें से, 71 प्रतिशत एनपीए एक्सपोजर के उधारकर्ताओं के लिए, बिगड़ती आस्ति गुणवत्ता (जब एक उधारकर्ता की सभी सुविधाएं उप-निवेश ग्रेड में फिसल जाती है) का संकेत एनपीए की तारीख से औसतन 25 महीने पहले मिला था (चार्ट 2)। शेष 12 प्रतिशत एक्सपोजर उधारकर्ताओं के पास एनपीए की तारीख से 11 महीने पहले भी एक निवेश रेटिंग (उनकी सभी सुविधाओं के लिए) थी। ऐसे उधारकर्ताओं के लिए, अवधि में पूर्ण रूप से डाउनग्रेड (उप-निवेश ग्रेड में सभी सुविधाओं के साथ) के लिए एनपीए के बाद औसत पांच महीने का समय लगा।[11]

[11] मार्च 2018 तक निवेश ग्रेड में रहे लगभग 1 प्रतिशत एनपीए बने रहे। तथापि, इसमें रिपोर्ट न किए गए मामले भी हो सकते हैं।

चार्ट 2: एनपीए की तारीख के सापेक्ष रेटिंग ग्रेड में गतिविधियों का औसत समय



टिप्पणी: प्रोवेस में एनपीए एक्सपोजर के 83 प्रतिशत उधारकर्ताओं के मामले में पिछले कुछ समय में कम से कम एक सुविधा निवेश ग्रेड में थी। शेष 17 प्रतिशत उधारकर्ताओं को निवेश ग्रेड में कभी भी कोई सुविधा नहीं थी।
स्रोत: सीआरआईएलसी और प्रोवेस से आकलित।

IV. निष्कर्ष

लेख सीआरआईएलसी में सूचित रेटिंग को मैप करके तैयार किए गए अनर्जक उधारकर्ताओं के मूल्यांकन पर आधारित है, जो प्रोवेस में हैं। हालांकि प्रारंभिक, निष्कर्ष बताते हैं: (ए) रेटिंग हमेशा उधारकर्ताओं की आस्ति गुणवत्ता को समय पर सही प्रतिबिंबित नहीं करती हैं; (बी) बैंकों द्वारा देरी से रेटिंग सूचित की जाती हैं; (सी) रेटिंग एजेंसियों में आस्ति गुणवत्ता देखने के रेटिंग्स की क्षमता भिन्न होती है। हालांकि मौजूदा नियामक ढांचे के तहत एजेंसी रेटिंग का उपयोग अपरिहार्य है, सीआरए द्वारा अपनी रेटिंग प्रस्तुति को बेहतर बनाने के लिए उनको प्रोत्साहित करने के तरीकों का पता लगाने की जरूरत है।[12]

[12] इस संदर्भ में चौधरी और अन्य (2017) ने सीआरए को भिन्न जोखिम भार देने पर चर्चा की है।

संदर्भ:

Balin, B. (2010), "Basel I, Basel II, and Emerging Markets: A Nontechnical Analysis", *Working Paper, Accessed from* SSRN 1477712, 2008.

BCBS (2017), "High-level Summary of Basel III Reforms", BIS.

Beattie, V. and S. Searle (1992), "Bond Ratings and Inter-Rater Agreement: A Cross-Sectional Analysis", *Journal of International Securities Markets*, 6 (2).

Cantor, R. and F. Packer (1997), "Differences of Opinion in the Credit Rating Industry", *Journal of Banking and Finance*, 21(10).

Choudhary A. K., B. Nethaji and A. Basu (2017): "Risk-weighting under Standardised Approach of Computation

of Capital for Credit Risk in Basel Framework – An Analysis of Default Experience of Credit Rating Agencies in India", *Reserve Bank Working Paper* 06/2017.

Ederington, L.H. (1986), "Why Split Ratings Occur?", *Financial Management*, 15 (1).

Study Report (2009), "Assessment of Long Term Performance of Credit Rating Agencies in India", *National Institute of Securities Markets*.

Gopalan, R., Y. Gopalan, and K. Koharki, (2016), "Market Information and Rating Agency Catering", *CAFRAL Working Paper.*

Roy, P. V. (2005), "Credit Ratings and the Standardised Approach to Credit Risk in Basel III", *ECB working paper* 517/August 2005.

Sinclair, T. J. (2010), "Credit Rating Agencies and the Global Financial Crisis", *economic sociology_the european electronic newsletter*, ISSN 1871-3351, *Max Planck Institute for the Study of Societies* (MPIfG), Cologne, Vol. 12, Iss. 1, pp. 4-9

अनुबंध:

अनुबंध 1: कार्य पद्धति का विवरण

लेख के लिए डेटा का विश्लेषण निम्नलिखित तरीके से किया गया था:

1. शुरुआती बिंदु के रूप में, मार्च 2018 के अंत में एनपीए उधारकर्ताओं जिनके लिए सीआरआईएलसी में सीआईएन रिपोर्ट किए गए थे, को चुना गया था। कॉरपोरेट मामला मंत्रालय (एमसीए) डेटाबेस के साथ सीआईएन को सत्यापित करते हुए, केवल मान्य सीआईएन के उधारकर्ताओं को शामिल करने के लिए और जिस पर प्रोवेस में जानकारी उपलब्ध थी, और अधिक छंटाई की गयी थी।
2. एनपीए उधारकर्ताओं की छंटनी सूची के लिए सीआरआईएलसी से रेटिंग वितरण प्राप्त किया गया था। शून्य वर्गीकरण से ठीक पहले की रेटिंग सीआरआईएलसी से प्राप्त की गई थी। यहां, एनपीए वर्गीकरण तारीख जब उधारकर्ता को रिपोर्टिंग बैंक में पहली बार एनपीए श्रेणी में रिपोर्ट किया गया था की तारीख थी।[13] एनपीए की तारीख से पहले की तिमाही में रिपोर्ट की गई रेटिंग ली गई थी इसलिए सीआरआईसीसी से रेटिंग ली गई।
3. इसी तरह, सीआरए के लिए प्रोवेस (जैसा कि सीआरआईएलसी में सूचित किया गया है) में एनपीए की तारीख से पहले की तिमाही में नवीनतम सबसे कम रेटिंग को चुना गया था। जैसा कि प्रोवेस सुविधाओं के अनुसार रेटिंग प्रदान करता है, उधारकर्ता की सुविधाओं में सूचित सीआरए के अनुसार सबसे कम रेटिंग सीआरआईएलसी में रिपोर्टिंग के साथ अनुरूपता के लिए चुनी गई थी।
4. चूंकि, प्रोवेस में शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग-टर्म दोनों तरह की सुविधाओं के लिए रेटिंग्स शामिल हैं, रेटिंग्स को एक सामान्य पैमाने पर मैप किया गया था, जिसका उपयोग तुलनात्मकता के लिए सीआरआईएलसी में किया गया था।

[13] मार्च 2018 तक सीआरआईएलसी रिपोर्टिंग तिमाही आधार पर थी, एनपीए वर्गीकरण की तिथि तिमाही का अंतिम दिन लिया गया जब उधारकर्ता पहली बार एनपीए के रूप में सूचित किया गया।

अनुबंध 2: मार्च 2018 के अंत तक एनपीए राशि का वितरण

(प्रतिशत)

		आरपीआरओ, सूचित								कुल
		एएए	एए	ए	बीबीबी	बीबी	बी	सी	डी	
सिआरआईएलसी में रिपोर्टेड सीआरए	सीआरए1	-	-	13.1	***12.4***	***17.3***	1.9	44.7	10.6	100.0
	सीआरए2	-	-	0.8	7.9	7.0	1.8	19.8	62.7	100.0
	सीआरए3	-	-	3.8	10.4	0.9	2.4	15.2	67.4	100.0
	सीआरए4	-	-	5.2	16.6	3.0	0.2	12.3	62.8	100.0
	सीआरए5	-	-	0.0	4.7	1.1	0.6	8.2	85.5	100.0
	सीआरए6	-	-	13.5	***33.8***	***19.0***	3.8	6.7	23.1	100.0
कुल		-	-	**2.8**	**9.2**	**6.9**	**1.6**	**20.4**	**59.1**	**100.0**

स्रोत: सीआरआईएलसी और प्रोवेस से आकलित

- शून्य / नगण्य:

अनुबंध 3: मार्च 2018 के अंत तक एनपीए की राशि का वितरण

(प्रतिशत)

		आरपीआरओ, सूचित								कुल
		एएए	एए	ए	बीबीबी	बीबी	बी	सी	डी	
आर सीआरआईएलसी	**एएए**	-	-	0.2	0.1	**-**	-	***0.2***	***1.9***	2.3
	एए	-	-	0.1	0.2	-	-	***0.1***	***0.3***	0.7
	ए	-	-	2.3	0.4	0.4	-	***0.7***	***2.4***	6.1
	बीबीबी	-	-	0.2	7.1	0.5	-	***1.9***	***5.6***	15.3
	बीबी	-	-	0.1	1.2	5.7	0.4	12.8	6.4	26.6
	बी	-	-	-	0.2	0.1	1.1	1.9	3.0	6.3
	सी	-	-	-	-	-	-	1.4	0.7	2.1
	डी	-	-	-	-	0.2	0.1	1.5	38.9	40.6
कुल		-	-	**-**	**9.2**	**6.9**	**1.6**	**20.4**	**59.1**	**100.0**

स्रोत: सीआरआईएलसी और प्रोवेस से आकलित

- शून्य / नगण्य: